## श्री अरुण सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०- 17/15/28 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेगें कि :- | वस्तुस्थिति यह है कि :-<br>• रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा के बिक्रमगंज प्रखंड अन्तर्गत डुमराँव शाखा नहर के 20.40 कि०मी० से केसठ-1 राजवाहा निकलती है, जिसकी कुल लंबाई 9.75 कि०मी० एवं रूपांकित जलश्राव 50 क्यूसेक है ।<br>• 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' योजनान्तर्गत उक्त नहर के पुनर्स्थापन कार्य का कार्यान्वयन कराया जा रहा है ।<br>• प्रश्नगत नहर बिक्रमगंज नहर परिषद क्षेत्र के तेन्दुनी चौक एवं ढ़िबरा मोहल्ला के बीच से गुजरती है। नहर के उक्त खंड मे स्थानीय लोगों द्वारा प्रायः कुड़ा-कचड़ा इत्यादि डाल दिया जाता है, जिसकी समय-समय पर सफाई कराकर जलश्राव प्रवाहित किया जाता है।<br>• उक्त स्थल पर कुड़ा-कचड़ा के समुचित प्रबंधन किये जाने हेतु नगर परिषद बिक्रमगंज से अनुरोध किया गया है।<br>• नहर के ऊपर स्लैब ढ़ालने से नहर के संचालन एवं संपोषण कार्य प्रभावित होगी, जिस कारण नहर के ऊपर स्लैब ढलाई कार्य विचाराधीन नहीं है । |
| 1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत केसठ राजवाहा-1 बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र में घनी आवादी के बीचो-बीच तेन्दूनी चौक एवं ढ़ीबरा मुहल्ला होते हुए गुजरती है। | |
| 2. क्या यह बात सही है कि केसठ राजवाहा-1 के उपर स्लैब /ढलाई नहीं होने के कारण शहर का सारा कचरा उसमें भरते जा रहे है जिससे इलाके के खेतीहर भूमि को पटवन के लिए पर्याप्ता पानी नहीं पहुँच पाती है जिसके कारण वहाँ पटवन की प्रबल समस्या बनी रहती है। | |
| 3. यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार इलाके के खेतीहर भूमि को पानी पहुँचाने एवं पटवन की समस्याओं से निजात दिलाने हेतु केसठ राजवाहा-1 के उपर स्लैब अथवा ढलाई का कार्य कराने का विचार रखती है हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ? | |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–29 / 2025................................पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–17 / 15 / 28 का उत्तर प्रतिवेदन तीन प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–29 / 2025..................................पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–29 / 2025................................पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–29 / 2025....4046....पटना / दिनांक :..22.8.25

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/8/25
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव